### मुख्यमंत्री ने की नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की स्थिति की समीक्षा

# गर्मी में नहीं हो पेयजल की समस्या

**भोपाल ● 27 मई ( ब्यूरो )**
मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा है कि किसी भी नगरीय निकाय तथा पंचायत क्षेत्र में ग्रीष्मकाल में पेयजल की समस्या नहीं आना चाहिए। जिन स्थानों पर जल-स्तर नीचे जाने के कारण हैंडपम्प नहीं चल रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर वहां तत्काल बोरिंग की जाए। जिन नगरीय निकायों में पेयजल की समस्या है, वहां आवश्यक वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रालय में नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की स्थिति की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह, लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी राज्यमंत्री ब्रजेन्द्र सिंह यादव बैठक में ऑनलाइन सम्मिलित हुए। मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय एवं आवास तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास के अधिकारी मंत्रालय में सम्पन्न बैठक में उपस्थित थे।

**जल जीवन मिशन की सभी परियोजनाएं शीघ्र पूर्ण हों** -मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि जिन नगरीय निकायों में जल प्रदाय एक या एक से अधिक दिन के अंतराल से हो रहा है, वहां जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्राथमिकता के आधार पर परियोजनाएं क्रियान्वित की जाएं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जल जीवन मिशन में बुरहानपुर और निवाड़ी में स्वीकृत परियोजनाओं की स्थिति की जानकारी ली और इन योजनाओं सहित मिशन में स्वीकृत सभी परियोजनाओं को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।




## 95 प्रतिशत से अधिक हैंडपम्प चालू

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में स्थापित 5 लाख 54 हजार 25 हैंडपम्पों में से 95 प्रतिशत से अधिक हैंडपम्प चालू हैं। जलस्तर नीचे जाने के कारण 20 हजार 580 हैंडपम्पों में समस्या है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित 16 हजार 561 नल-जल योजनाओं में से 15 हजार 630 योजनाएं संचालित हैं। अन्य स्थानों पर पेयजल के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। प्रदेश के 407 नगरीय निकायों में से 351 में प्रतिदिन और 56 में एक दिन छोड़कर जलप्रदाय किया जा रहा है। सभी जिलों में हैंडपम्प सुधार के लिए शिकायत निवारण प्रकोष्ठ बनाये गए हैं। समस्याग्रस्त नगरीय क्षेत्रों में जलप्रदाय के लिए तात्कालिक राहत के साथ दीर्घकालीन योजनाओं पर कार्य जारी है।

स्वदेश 28/5/21

# अनलाक की ओर अग्रसर होता हमारा रतलाम

## राहत ● जिले में लगातार घट रही है पाजिटिव केस की संख्या

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में बेकाबू कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर धीरे-धीरे काबू में आ रही है। इससे नए संक्रमितों की संख्या में लगातार कमी आ रही है और स्वस्थ होने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। मौत के आंकड़े में भी तीन दिन से कमी आई है। जिला अनलाक की ओर अग्रसर हो रहा है। इससे शासन-प्रशासन के साथ जिलेवासी राहत महसूस कर रहे हैं।

कोरोना की रोकथाम के लिए जिले में लगातार सख्ती बरती जा रही है। सभी जगह लाकडाउन का सख्ती से पालन करवाया जा रहा है। सड़कों पर बेवजह घूमने वालों पर प्रकरण दर्ज कर खुली जेल में रखा जा रहा है। इसके अलावा मैदानी अमले द्वारा लगातार घर-घर जाकर कोरोना संदिग्धों की पड़ताल की जा रही है। बीते चार दिनों से नए संक्रमितों की संख्या 100 के अंदर आ गई है और 26 मई से 50 से कम हो गई है।

इसके पहले मई की शुरुआत से लगातार 12 दिनों तक नए संक्रमितों की संख्या 300 के पार पहुंच रही थी। आठ मई को सर्वाधिक 398 नए पाजिटिव केस सामने आए थे। इससे शासन-प्रशासन के साथ जिलेवासियों की चिंता बढ़ गई थी। इसके बाद नवागत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले की कमान संभाली और जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में कई बदलाव किए गए और जगह-जगह कोविड केयर सेंटर खोले गए। नौ मई से लगातार नए संक्रमितों की संख्या में कमी आ रही है।

### नौ मई से लगातार घट रही नए संक्रमितों की संख्या

| तारीख | मरीज मिले | स्वस्थ हुए | मौत | एक्टिव मरीज |
|---|---|---|---|---|
| 8 मई | 398 | 055 | 06 | 3038 |
| 9 | 360 | 039 | 05 | 3354 |
| 10 | 350 | 078 | 05 | 3621 |
| 11 | 330 | 215 | 05 | 3736 |
| 12 | 305 | 314 | 05 | 3722 |
| 13 | 298 | 282 | 06 | 3732 |
| 14 | 270 | 277 | 04 | 3721 |
| 15 | 244 | 369 | 04 | 3592 |
| 16 | 190 | 344 | 04 | 3434 |
| 17 | 170 | 321 | 01 | 3282 |
| 18 | 160 | 377 | 03 | 3062 |
| 19 | 162 | 338 | 05 | 2881 |
| 20 | 146 | 278 | 05 | 2744 |
| 21 | 132 | 340 | 05 | 2531 |
| 22 | 110 | 395 | 05 | 2241 |
| 23 | 082 | 296 | 05 | 2037 |
| 24 | 052 | 244 | 01 | 1844 |
| 25 | 052 | 241 | 01 | 1654 |
| 26 | 048 | 000 | 02 | 1502 |

### मेडिकल कालेज में 322 बेड रिक्त

शासकीय मेडिकल कालेज हास्पिटल से गुरुवार को 15 व्यक्ति स्वस्थ होकर घर लौटे। इन लोगों ने कोविड के नियमों का पालन करने तथा स्वजनों को भी सभी नियमों का पालन कराने का संकल्प लिया। डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि 12 नए मरीज भर्ती हुए। मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550 है। आइसीयू बेड 56 में से 54 पर पेशेंट हैं। एचडीयू में 172 बेड में 136 पर पेशेंट हैं। आक्सीजन बेड 180 में 30 पर पेशेंट हैं। नान आक्सीजन बेड 142 में से आठ पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 228 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती हैं। इनमें 167 पाजिटिव तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 322 हैं। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार अब तक टोटल रिसीव्ड 7626, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कन्ज्यूम्ड 5584, करंट स्टाक 485 है।

कोरोना महामारी की दूसरी लहर पहले से अधिक घातक है। शासन के नियमों का पालन करें। टीका लगवाने वाले पात्र लोगों को दोनों टीके लगवाना चाहिए। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। दो गज की दूरी के साथ मास्क अनिवार्य रूप से लगाएं। - **वीडी जोशी**, शहर थाना प्रभारी जावरा



जरूरी हो तभी घर से बाहर निकलें। अपने आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। कोविड-19 के नियमों का पालन अवश्य करें। विशेष रूप से मुंह पर मास्क जरूर लगाएं। लाकडाउन का पालन करें। नंबर आने पर कोरोना का टीका जरूर लगवाएं। - **इंद्रपालसिंह राठौर**, एसआइ, जावरा



जनवरी के बाद वायरस ने स्वरूप बदलना शुरू किया। पहली लहर में एक घर में कोई संक्रमित होता था तो कुछ बच भी जाते थे, लेकिन इस बार वायरस जिस घर में घुसा हर सदस्य को संक्रमित किया। - **केवल सकलेचा**, अध्यक्ष, श्री राजेंद्र सूरी जैन दादावाड़ी चेरिटेबल ट्रस्ट जावरा



कोरोना संक्रमण काल में सुरक्षित रहने के लिए एक-दूसरे से हाथ व गले मिलने से बचें। दूरी बनाकर अपना कार्य करें। भीड़ में जाने से बचें। हमेशा मास्क पहनें। अपने हाथ को नियमित रूप से साबुन से धोएं। तनाव नहीं लें। - **डा. मोहम्मद अयाज खान**, सोनोलॉजिस्ट, एनेस्थिसिया स्पेशलिस्ट, रेडक्रास सोसाइटी, जावरा



कोरोना से बचाव का एक मात्र रास्ता मास्क पहनना और दो गज की दूरी का पालन करना है। सभी को इसका कड़ाई से पालन करना चाहिए। इस महामारी के समय तन की दूरी जरूर रखें, पर मन की दूरी नहीं रखें। सभी को इस समय अपनों की बहुत जरूरत है। - **कुलदीप डाबी**, एसआइ, जावरा



टीकाकरण अवश्य कराएं। साथ ही उसके बाद सबसे जरूरी मास्क, सैनिटाइजर, दो गज की दूरी का कड़ाई से पालन करें। भीड़भाड़ वाली जगह जाने से बचें। दो मास्क का उपयोग करें और अधिक से अधिक लोगों को टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित करें। - **पीयूष पावेचा**, सराफा व्यवसायी, जावरा



मास्क पहनने के प्रति निश्चित रूप से लोगों की जागरूकता बढ़ी है। बढ़ते संक्रमण को देखकर हमें पहल करनी होगी, वह यह की घर का जो भी व्यक्ति बाहर किसी कारण से आता-जाता हो वह घर पर आवश्यक रूप से मास्क पहनकर ही रखें। वह उचित दूरी बनाए रखें। - **जनकसिंह रावत**, औद्योगिक थाना प्रभारी, जावरा



नियमों का पालन जरूरी है। सही से मास्क पहनें। बार-बार हाथ धोएं और दो गज की दूरी का पालन करें। जरूरी काम न हो तो घर से बाहर नहीं निकलें। अगर कोई खांसी या छींक रहा है तो उससे उचित दूरी बनाए रखें। भ्रामक प्रचार से दूर रहें। - **राजेंद्र प्रसाद सारस्वत**, एसआइ, जावरा



नईदुनिया 28/5/21

**1 जून से अनलॉक: 31 मई को सीएम शिवराज सिंह चौहान फाइनल करेंगे ड्राफ्ट**

# सरकारी दफ्तर 50% क्षमता से खुलेंगे, मंदिर में एक बार में दो लोगों को प्रवेश

## अनलॉक पर मंत्री समूह में सहमति

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है। अब पाबंदियों के साथ 1 जून से अनलॉक की शुरुआत होगी। सरकारी दफ्तरों में 50 फीसदी कर्मचारियों के साथ काम-काज होगा। पंजीयन और कृषि विभाग के कार्यालय पूरी क्षमता से खुलेंगे। निर्माण कार्य शुरू हो जाएंगे। यह सहमति गुरुवार को मंत्री समूह की बैठक में बन गई।

बैठक में तय किया गया कि शादी समारोह में दोनों पक्षों से 20-20 लोगों की अनुमति रहेगी। दाह संस्कार और मृत्यु भोज में भी 20-20 लोग शामिल हो सकेंगे। मंदिर भी खोले जाएंगे, लेकिन एक साथ भीड़ नहीं जुट सकेगी।

इसके अलावा सभी धार्मिक, राजनीतिक और भीड़ वाले अन्य आयोजन प्रतिबंधित रहेंगे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए धारा-144 लागू रहेगी। इस ड्राफ्ट पर अंतिम फैसला 31 मई को सीएम शिवराज सिंह चौहान करेंगे।

## सख्ती पर आक्रोश: महिला ने जवान को जड़ा थप्पड़



**खंडवा @ पत्रिका.** मास्क की जगह गमछा बांधकर जा रहे बाइक सवार को रोकने पर गुरुवार को विवाद हो गया। चालक की मां ने होमगार्ड जवान पर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए उसे थप्पड़ मार दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने मामला शांत कराया। महिला व जवान श्यामलाल ने एक-दूसरे के खिलाफ कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

### प्रस्ताव में क्या-क्या

- मॉल, सिनेमाघर, स्वीमिंग पूल, पार्क, कॉम्प्लेक्स आदि बंद रहेंगे।
- राजनीतिक, धार्मिक और भीड़ वाले आयोजन पूर्णतः प्रतिबंधित।
- मंदिरों में एक समय में पुजारी के अलावा 2 श्रद्धालुओं को प्रवेश।
- हवाई यात्रा शुरू रहेगी, स्क्रीनिंग और अन्य प्रोटोकाल अनिवार्य।
- शादी समारोह में दोनों पक्षों से 20-20 संख्या रहेगी।
- दाह संस्कार व मृत्युभोज में 20-20 लोगों को अनुमति।
- राज्यों की बॉर्डर पर सख्ती रहेगी। सिर्फ सीमित आवाजाही।
- आर्थिक गतिविधि चालू रहेंगी, उद्योग मानकों से चल सकेंगे।

### क्राइसिस मैनेजमेंट समिति की अहम भूमिका

**अनलॉक** प्लान में क्राइसिस मैनेजमेंट समिति की अहम भूमिका रहेगी। जिले से लेकर पंचायत और वार्ड स्तर तक की समितियां राज्य के कॉमन रोडमैप के आधार पर तय करेंगी कि स्थानीय स्तर पर क्या व्यवस्था हो। बाजार कैसे खोले जाएं। स्थानीय स्तर पर क्या छूट दी जा सकती है।

### प्रदेश के 7 जिलों में संक्रमण दर ज्यादा

कोरोना के ज्यादा संक्रमण वाले जिलों में अनलॉक में भी ज्यादा बंदिशें रहेंगी। इनमें इंदौर और भोपाल के साथ सागर, रतलाम, रीवा, सीधी व अनूपपुर शामिल हैं। इन शहरों में साप्ताहिक औसत पॉजिटिविटी दर पांच फीसदी से ज्यादा है। वहीं रोज मिलने वाले पॉजिटिव की संख्या भी अधिक है। इसलिए इन जिलों में छूट कम मिलेगी। हालांकि यहां भी कंटेनमेंट जोन बनाकर धीरे-धीरे कुछ छूट दी जा सकती है।

**अंचल के लिए प्लान**

### जोन में बंटेंगे गांव, ग्रीन जोन को ज्यादा छूट

प्रदेश के सभी गांवों को तीन जोन में बांटा जाएगा। इसमें ग्रीन जोन में ऐसे गांव रखे जाएंगे, जहां एक भी कोरोना केस नहीं है। अनलॉक में इन गांवों को पूरी तरह खोला जाएगा, लेकिन भीड़ भरे कार्यक्रम नहीं हो सकेंगे। वहीं, यलो जोन में 1 से 4 कोरोना केस वाले गांव रहेंगे। 5 से ज्यादा कोरोना मरीज होने पर उस गांव को रेड जोन में रखा जाएगा। रेड जोन पर ही सबसे ज्यादा फोकस किया जाएगा। हालांकि रेड जोन वाले गांव भी पूरी तरह बंद नहीं रखे जाएंगे।

### राहत: 1977 नए केस

कोरोना की दूसरी लहर में पहली बार कोरोना नियंत्रण में आया है। राज्य में बुधवार को 1,977 नए केस मिले। इससे पहले 24 मार्च को 1,885 संक्रमित मिले थे। मई के महीने में नए केस में हर दिन कमी आ रही है।

पत्रिका २८/५/२१

जीतेगा रतलाम

काउंटडाउन

अनलॉक तैयारी-03 दिन शेष

## कोरोना संक्रमण हुआ नियंत्रण में : जनप्रतिनिधियों की सक्रि

# शहर के साथ ग्रामीण और उ

रतलाम. जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार को कम करने में जनप्रतिनिधियों ने भी अहम भूमि
रोक लगी है। विधायकों के गली मोहल्ले वालों की बात करें तो यहां भी स्थिति पहले के मुकाबले

### केस - 1 : रतलाम शहर विधानसभा

विधायक - **चैतन्य काश्यप**
स्टेशन रोड क्षेत्र - **9 एक्टिव केस**



बात करें रतलाम शहर की तो यहां पर शहर विधायक चैतन्य काश्यप ने शहर में बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिए प्रशासन के साथ मिलकर बेहतर रणनीति बनाई जिसके चलते शहर में संक्रमण की रफ्तार बहुत हद तक कम हुई है। विधायक के निवास क्षेत्र के समीप स्टेशन रोड क्षेत्र जो कि काफी बड़ा है, पूरे क्षेत्र में वर्तमान में कोरोना के महज 9 एक्टिव केस हैं। शहर के साथ विधायक के क्षेत्र में भी पहले एक्टिव केस की संख्या काफी थी लेकिन बेहतर योजना के चलते अब हालात सामान्य होने लगे हैं। मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीज के परिजनों को मरीज की पूरी जानकारी आसानी से मिल सके, उसके लिए उनके पुत्रों ने एक सॉफ्टवेयर तैयार कराया है।

### प्लानिंग से कम हुए केस

क्षेत्र में कोरोना संक्रमण के मामलों को बढ़ने से रोकने के लिए शहर विधायक के द्वारा वार्ड से लेकर हर तरह से प्रयास किए हैं। जरूरत के समय उनसे संपर्क करने पर उनके द्वारा हर संभव मदद भी की गई है जिसके चलते स्थिति में सुधार हुआ है। बेहतर प्लानिंग के कारण ही आज शहर में केस भी कम हुए हैं।

**जगदीश शर्मा,**
रहवासी

### केस -2 : रतलाम ग्रामीण वि



रतलाम ग्रामीण विधानसभा का क्षेत्र काफी ब
पंचायत है जिसके तहत हजारों लोग यहां निवास 
निवासी क्षेत्र के विधायक दिलीप मकवाना और उन
भी कोरोना की चपेट में आ गए थे लेकिन समय पर उ
स्वस्थ हो गए। ग्रामीण क्षेत्र के कुछ गांव कोरोना के
थे लेकिन ग्रामीण विधायक मकवाना द्वारा प्रशासन 
साथ मिलकर लोगों को जागरूक करने का काम कि
वर्तमान में हालात सामान्य हो चले हैं। विधायक के
दो एक्टिव हैं।

### जनता का सहयोग मिला



प्रदेश के अन्य जिलों के मुकाबले रतलाम में कोरोना संक्रमण के मामले बहुत अधिक थे जिसे देखते हुए सख्त लॉकडाउन लगाया गया और जनता ने इसमें काफी सहयोग किया है जिसके दम पर संक्रमण की रफ्तार धीमी पड़ गई है। पुलिस- प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बेहतर काम किया है।
**- चैतन्य काश्यप,** शहर विधायक

### लोगों ने दिया सूझबूझ का परिच

ग्रामीणों से अपील की गई थी कि वह अनाव
नहीं निकले जिसका उनके द्वारा पूरी तरह से
किसी क्षेत्र में मरीज मिले भी थे तो वहां पर स्वास्थ्
और संदिग्ध मिलने पर उसका उपचार किया गया 
हुआ है। **-दिलीप मकवाना** विधायक रतलाम ग्रामी

# 20 हजार 565 पंचायतें कोरोनामुक्त, अब प्रयास यह हों कि तीसरी लहर ही न आए

## वीडियो कांफ्रेंसिंग : कोरोना समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। प्रदेश में कोरोना संक्रमण तेजी से नियंत्रित हो रहा है। 22 हजार 813 पंचायतों में से 20 हजार 565 कोरोनामुक्त हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में संक्रमण की रोकथाम के लिए चलाया गया किल कोरोना अभियान जारी रहे। अधिक से अधिक जांच कराएं। जहां भी संक्रमण के मामले आएं, उस क्षेत्र को माइक्रो कंटेनमेंट जोन बनाकर एक-एक मरीज की पहचान की जाए। अब प्रयास यह होने चाहिए कि तीसरी लहर ही न आए। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना नियंत्रण को लेकर समीक्षा के दौरान कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की भागीदारी का ही नतीजा है कि संक्रमण की दर में लगातार कमी आ रही है। गांव, कस्बों और शहरों के आपदा प्रबंधन समूह लगातार सक्रिय रहे। जनता को टीकाकरण के लिए जागरूक करें। जो पंचायतें कोरोना मुक्त हो गई हैं, वहां भी सावधानी बरती जाए। किसी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। कोरोना की तीसरी लहर के संबंध में अध्ययन करें और विशेषज्ञों से चर्चा करके निपटने की तैयारी करें। प्रयास यह हो कि तीसरी लहर ही न आए। स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में लगातार कदम उठाए जाएं।



वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना नियंत्रण को लेकर समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह। • जनसंपर्क

### इंदौर और भोपाल में ही अब सौ से ज्यादा नए प्रकरण

बैठक में बताया कि प्रदेश में नए प्रकरण एक हजार 977 आए हैं। साप्ताहिक संक्रमण दर चार फीसद आ गई है। पिछले 24 घंटे में 6,888 मरीज स्वस्थ हुए हैं। अब प्रदेश में इंदौर और भोपाल ही ऐसे जिले रह गए हैं, जहां सौ से ज्यादा नए प्रकरण सामने आए हैं। इंदौर में गुरुवार को 533 और भोपाल में 409 प्रकरण आए हैं। वहीं, जबलपुर में 99, सागर 96 तथा ग्वालियर में 51 प्रकरण आए हैं। 46 जिलों में साप्ताहिक संक्रमण दर (पॉजिटिविटी रेट) पांच फीसद से कम है। इंदौर में यह दर 8.1, भोपाल 7.7, सागर 7, रतलाम 6.1, अनूपपुर 6.6 तथा रीवा में 5.2 प्रतिशत साप्ताहिक संक्रमण दर है।

### खरगोन में संक्रमण दर 2.1 फीसद

बैठक में बताया गया कि खरगोन में संक्रमण दर लगातार कम होती जा रही है। यहां गुरुवार को संक्रमण दर 2.1 प्रतिशत और 25 नए प्रकरण आए हैं। नीमच में भी संक्रमण की दर 3.7 फीसद रही और नए प्रकरण 19 आए हैं। बड़वानी में आठ प्रकरण सामने आए और संक्रमण दर 0.6 प्रश रही। धार जिले की साप्ताहिक संक्रमण दर 3.9 फीसद रही है।

### छह लाख पथ विक्रेताओं को एक-एक हजार रुपये का सहायता अनुदान देगी सरकार

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। कोरोना संक्रमण की वजह से प्रभावित ग्रामीण पथ विक्रेताओं के कामकाज को देखते हुए सरकार इन्हें एक-एक हजार रुपये का सहायता अनुदान देगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान यह राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से शुक्रवार को खातों में अंतरित करेंगे।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल लाकडाउन में ग्रामीण पथ विक्रेताओं के प्रभावित कामकाज को पटरी पर लाने के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना लागू करके बैंकों से 10 हजार रुपये तक ऋण दिलाने की व्यवस्था की थी। इसके लिए न सिर्फ सरकार ने अपनी गारंटी पर ऋण दिलाया, बल्कि ब्याज का भार भी उठाया। अब कोरोना की दूसरी लहर में प्रभावित काम को देखते हुए एक हजार रुपये का सहायता अनुदान देने का निर्णय लिया गया है।

### ब्लैक फंगस के इलाज के लिए मिले ढाई हजार इंजेक्शन

प्रदेश को ब्लैक फंगस के इलाज के लिए ढाई हजार एम्फोटेरिसिन-बी इंजेक्शन मिले हैं। छह हजार एक सौ इंजेक्शन का आवंटन प्राप्त हुआ है। बैठक में बताया कि इंजेक्शन सभी जिलों में भिजवाए जा रहे हैं। साथ ही इसकी टैबलेट भी है। प्रदेश में ब्लैक फंगस के एक हजार 61 मरीज हैं। वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य और आयुष विभाग के साथ मिलकर योग एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण इच्छुक व्यक्तियों को देने की व्यवस्था की जाए।

नईदुनिया 28/05/21

रोजाना करीब 4 हजार रोग लगवा रहे टीके

# दूसरा डोज लेने में 45 पार वालों की रुचि नहीं

भोपाल में टीका लेने के लिए कतारें



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. कोरोना से बचने का सबसे बड़ा उपाय टीकाकरण ही है, इसलिए सरकार का पूरा फोकस भी इसकी गति बढ़ाने पर है। टीकाकरण को लेकर सरकार के सामने एक नई चुनौती है कि 45 पार वाले अब दूसरा डोज लेने में रुचि नहीं दिखा रहे।

स्वास्थ्य विभाग की जानकारियां मिली है कि प्रदेश में लोग भ्रांतियों के कारण टीका लगवाने से परहेज कर रहे हैं। ग्रामीण और जनजातीय इलाकों में सबसे ज्यादा मुश्किल सामने आ रही है। पहला डोज लेने के बाद लोगों को बुखार आना भी

## 45 पार वाले इतनों को लगा दूसरा डोज




## 64 लाख लोगों को लगाना है दूसरा डोज

अगले तीन माह में 45 पार वाले 64 87988 लोगों को दूसरा डोज चाहिए। अब तक 1 करोड़ लोगों में

# जिले में 651 अस्थाई पात्रता पर्ची जारी हुई

नवभारत 28/5/21

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देश दिए हैं कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत छूटे हुए पात्र परिवारों को खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित किया जाए। कोविड-19 कारण लॉक डाउन की अवधि में गरीब परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पात्रता पर्ची विहीन एवं छूटे हुए गरीब परिवारों को खाद्यान्न वितरण के निर्देश प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए हैं। इसके परिपालन में जिले में 651 अस्थाई पात्रता पर्ची जारी हुई है।

जारी अस्थाई पात्रता पर्ची राशन मित्र पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है जिसका प्रिंट निकालकर स्थानीय निकाय के माध्यम से हितग्राही को उपलब्ध कराया जाएगा। पात्रता पर्ची जारी करने की सूचना हितग्राही के मोबाइल नंबर एसएमएस के माध्यम से दी जाएगी। पात्रता पर्ची की वैधता तीन माह अर्थात जुलाई 2021 तक होगी। इस अवधि में हितग्राही द्वारा पात्रता संबंधी दस्तावेज एवं सभी सदस्यों के आधार नंबर स्थानीय निकाय को उपलब्ध कराने पर नियमित पात्रता पर्ची जारी की जा सकेगी। अस्थाई पात्रता पर्चीधारी परिवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत माह मई, जून, जुलाई 21 तथा पीएमजीकेएवाय योजना अंतर्गत मई एवं जून माह के लिए निशुल्क 5 किलो खाद्यान्न प्रति सदस्य वितरित किया जाएगा।

एनएफएसए का मई व जून माह का माह मई में तथा पीएमजीकेवाय का माह मई, जून का 5 किलो खाद्यान्न प्रति सदस्य का निशुल्क वितरण कराया जाए। जुलाई का खाद्यान्न माह जुलाई में वितरण कराया जाए। जोड़े गए नवीन परिवारों हेतु खाद्यान्न का आवंटन जारी किया गया है।

उचित मूल्य दुकान पर आवंटित खाद्यान्न के प्रदान की प्रत्याशा में दुकान पर उपलब्ध स्टॉक में से हितग्राही को खाद्यान्न का वितरण कराया जाए अर्थात योजना अंतर्गत खाद्य ने प्रदाय की प्रतीक्षा किए बगैर हितग्राही को खाद्यान्न वितरण कराया जाए। स्थाई रूप से जुड़े गए नवीन हितग्राहियों को पीओएस मशीन से खाद्यान्न का वितरण कराया जाए। हितग्राही को खाद्यान्न वितरण करते समय पीओएस मशीन से जारी पावती आवश्यक रूप से उपलब्ध कराई जाए। हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त करते समय एवं वितरण के समय कोविड-19 के तहत सोशल डिस्टेंसिंग का पालन

# बाजार मूल्य गाइडलाइन की समय अवधि बढ़ी

रतलाम। राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों का बनाया जाना और उनका पुनरीक्षण नियम 2018 के नियम 12 में प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत 2020-21 की प्रभावी बाजार मूल्य गाइडलाइन की समय अवधि 30 जून तक बढ़ा दी गई है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं।

# आज 18 वर्ष से 44 वर्ष को टीका 14 स्थानों पर

रतलाम। शुक्रवार टीकाकरण के लिए 18 से 44 वर्ष आयु समूह के लोगों के लिए 14 स्थानों पर टीकाकरण होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया जिले के शासकीय कॉलेज आलोट, महात्मा गांधी स्कूल जावरा, लायंस क्लब हॉल जावरा, मांगलिक भवन जनपद पंचायत के पास बाजना, शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल मंडी गेट के सामने सैलाना, जनपद पंचायत परिसर पिपलोदा, हायर सेकेंडरी स्कूल बिलपांक में टीके लगाए जाएंगे। शहर के सूरज हॉल वेद व्यास कॉलोनी रतलाम, गुरुनानक सिंधु भवन विरियाखेड़ी रोड रतलाम, साईं मंदिर परिसर शास्त्री नगर रतलाम, कम्युनिटी हॉल जवाहर नगर रतलाम, आई एम ए हाल राजेंद्र नगर रतलाम, लायंस क्लब हॉल रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे रतलाम, माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार रतलाम पर टीकाकरण किया जाएगा। नवभारत

# टीकाकरण : 18 से 44 वर्ष का टीकाकरण 14 स्थानों पर

रतलाम. जिले में शुक्रवार को आयोजित होने वाले टीकाकरण के लिए 18 से 44 वर्ष आयु समूह के लोगों के लिए 14 स्थानों पर टीकाकरण किया जाएगा। टीकाकरण के दौरान ऑनलाइन प्री स्लॉट बुकिंग कराने वाले हितग्राहियों का टीकाकरण किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले के शासकीय कॉलेज आलोट, महात्मा गांधी स्कूल जावरा, लायंस क्लब हॉल जावरा, मांगलिक भवन जनपद पंचायत के पास बाजना, शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल मंडी गेट के सामने सैलाना, जनपद पंचायत परिसर पिपलोदा, हायर सेकेंडरी स्कूल बिलपांक में टीके लगाए जाएंगे।

रतलाम शहर के सूरज हॉल वेद व्यास कॉलोनी रतलाम, गुरुनानक सिंधु भवन विरियाखेड़ी रोड रतलाम, साईं मंदिर परिसर शास्त्री नगर रतलाम, कम्युनिटी हॉल जवाहर नगर रतलाम, आईएमए हाल राजेंद्र नगर रतलाम, लायंस क्लब हॉल रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे रतलाम, माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार रतलाम पर टीकाकरण किया जाएगा।

# कंटेनमेंट क्षेत्र में जांच, बाहर से आए व्यक्तियों में एक पॉजिटिव



रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार रतलाम शहर के कंटेनमेंट क्षेत्रों में निवासरत सभी लोगों की सैंपलिंग का कार्य

### ▶ कंटेनमेंट नियम तोड़ने पर होगी कार्रवाई

किया जा रहा है। इसके तहत महेश नगर, नयागांव क्षेत्र में बनाए गए कंटेनमेंट क्षेत्र में सैंपलिंग की जा रही थी।

इस दौरान पता चला कि वहां निवासरत पॉजिटिव महिला जिनकी मृत्यु गत दिवस हो गई थी, उनके कुछ रिश्तेदार धराड़ से यहां आए हैं। ये लोग कंटेनमेंट तोड़कर क्षेत्र में प्रवेश कर गए। बाहर से आए लोगों की भी सैंपलिंग की गई। सैंपलिंग में एक व्यक्ति पॉजिटिव पाया गया। नायब तहसीलदार नवीन गर्ग ने बताया कि कंटेनमेंट क्षेत्र तोड़कर आए इन लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। कंटेनमेंट क्षेत्र से न तो कोई व्यक्ति बाहर जा सकता है न ही कोई व्यक्ति कंटेनमेंट क्षेत्र में प्रवेश कर सकता है।

उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में निवासरत सभी लोगों की सैंपलिंग का कार्य किया गया । इसी प्रकार शहर के अन्य क्षेत्रों में बनाए गए कंटेनमेंट क्षेत्रों में भी सभी लोगों की सैंपलिंग का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

## स्वस्थ्य होने पर 15 डिस्चार्ज

मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रतलाम से स्वस्थ होकर गुरुवार को 15 व्यक्ति अपने घर लौटे। डिस्चार्ज होते समय इन लोगों ने कोविड के नियमों का पालन करने तथा अपने परिजनों को भी सभी नियमों का पालन कराने का संकल्प लिया। डिस्चार्ज हुए लोगों ने मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए यहां के स्टाफ को धन्यवाद दिया। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज मेडिकल कॉलेज में 12 नए मरीज भर्ती हुए। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आईसीयू बेड 56 में से 54 पर पेशेंट हैं। एचडीयू में 172 बैड में 136 पर पेशेंट हैं। ऑक्सीजन बेड 180 में 30 पर पेशेंट हैं। नॉन ऑक्सीजन बैड 142 में से 08 पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 228 पेशेंट हॉस्पिटल में भर्ती है इनमें 167 पॉजीटिव हैं तथा शेष सस्पेक्टेड या ऑक्सीजन लेवल वाले हैं। हॉस्पिटल में रिक्त बेड 322 है। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार आज तक टोटल रिसीव्ड 7626, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कन्ज्यूम्ड 5584, करंट स्टाक 485 है। उन्होंने बताया कि मरीजों एवं उनके परिजनों को सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए किए जा रहे प्रयासों में निरंतर वृद्धि की जा रही है।

## निजी लेबोरेटरी के लिए जांच संबंधी शुल्क निर्धारित

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रतलाम ने बताया कि जिले में संचालित समस्त निजी लेबोरेटरी के लिए राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार अधिकतम दरें निर्धारित की गई है। निर्धारित दरों से अधिक राशि लिए जाने की दशा में संबंधित निजी लैब संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रतलाम द्वारा जारी आदेशानुसार एबीजी की जांच के लिए अधिकतम राशि 600 रुपए निर्धारित है। डी डाइमर जांच के लिए अधिकतम राशि 500 रुपए, प्रोकैल्सीटोनिन के लिए अधिकतम राशि 1000 रुपए, सीआरपी के लिए अधिकतम 200 रुपए, सिरम फेरिटिन के लिए अधिकतम 180 रुपए, आईएल 6 के लिए अधिकतम 1000 रुपए की राशि निर्धारित है। उपरोक्त अनुसार निर्धारित दरों से अधिक राशि लिए जाने की दशा में संबंधित निजी लैब के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी ।

## पैथोलॉजी लैब द्वारा अधिक राशि लिए जाने की शिकायत पर कलेक्टर ने जांच समिति गठित की

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने लाइफलाइन पैथोलॉजी रतलाम द्वारा शासन द्वारा निर्धारित दरों से अधिक राशि देने की शिकायत पर जांच समिति गठित की है। कलेक्टर को अलकापुरी रतलाम निवासी श्रीमती नवनीत कौर ने शिकायत की थी कि लाइफ लाइन पैथोलॉजी, रतलाम द्वारा उनसे की राशि शासन द्वारा निर्धारित दरों से कहीं ज्यादा ली गई है। उनके द्वारा व्हाट्सएप पर प्रदत्त राशि की रसीद भी प्रेषित की गई। उक्त शिकायत की जांच के लिए कलेक्टर गठित की है, जिसमें डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे एवं औषधि निरीक्षक श्रीमती सारिका अग्रवाल को 24 घंटे में अपना प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए हैं।

नवभारत 28/5/21

**अनलॉक की आहट** • खुदने लगी दो बत्ती चौराहा और पॉवर हाउस तिराहा से न्यू रोड तिराहा तक की सड़क

# मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के ढ़ाई महीने से बंद काम फिर शुरू हुए, दो सड़कें खोदीं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

पॉजिटिविटी रेट 4 प्रतिशत के आसपास आने और पहली जून से अनलॉक की आहट लगते ही शहर के डवलपमेंट वर्क फिर चालू हो गए हैं। गुरुवार को सीएम अंधोसंरचना योजना में बनने सैलाना बस स्टैंड से कॉन्वेंट स्कूल तिराहा तक की सड़क फोरलेन में तब्दील करने महाराजा सज्जन सिंह चौराहा के यहां से खुदाई प्रारंभ हुई। ढाई-माह से काम बंद था। अब इसका दो बत्ती से महाराजा सज्जन सिंह चौराहा तक का 260 मीटर लंबा हिस्सा बनेगा। उसके बाद कॉन्वेंट स्कूल तक का 330 मीटर सड़क सीसी की फोरलेन इतनी चौड़ी बनाई जाएगी।

बुधवार को लगभग दो साल से अधूरे पड़े मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में बनने वाले पॉवर हाउस तिराहे से न्यू रोड तिराहे तक वाली शास्त्री नगर मुख्य रोड की साइडिंग की खुदाई भी होने लगी है। यह सड़क भी 12 मीटर चौड़ी बनेगी। दिसंबर 2019 में इसका काम शुरू हुआ था। साइडिंग को खोदकर कुछ वर्क भी कर दिया गया था लेकिन फिर काम बंद हो गया। छह माह पहले प्रोजेक्ट में बड़े पैमाने पर बदलाव हुआ, जिसके बाद से काम लगभग बंद-सा पड़ा था। प्रोजेक्ट में चालू हुए फव्वारा चौक से कृषि मंडी, ऊंकाला रोड और शास्त्री नगर रोड के तीनों ही काम अधूरे पड़े हैं।

## दो दिन में दो बड़े विकास कार्य हुए चालू, आवाजाही नहीं होने से काम जल्द होंगे



महाराजा सज्जन सिंह चौराहे पर खुदाई करती मशीन।



शास्त्री नगर मुख्य सड़क पर साइडिंग का वर्क करते कर्मचारी।

### सैलाना बस स्टैंड से कॉन्वेंट तिराहा तक फोरलेन

**लागत** - 16.38 करोड़ रुपए

**क्या होना है** - सीएम अंधोसंरचना योजना में सैलाना बस स्टैंड से कॉन्वेंट तिराहा तक फोरलेन, शहर सराय से न्यू रोड चौराहा और दो बत्ती से डाट की पुल तक की टू लेन सहित लगभग 2800 मीटर लंबी सड़कों को नई बनाई जाना है। इनमें ड्रेनेज, डिवाइडर और सेंट्रल लाइटिंग भी लगेगी।

**क्या हो चुका** - अभी सिर्फ एक न्यू रोड तिराहा से शहर सराय तक की टू लेन सड़क ही पूरी बन पाई है। सबसे लंबी सैलाना बस स्टैंड से कॉन्वेंट स्कूल तक की सड़क में अब तक सैलाना बस स्टैंड से दो बत्ती चौराहा तक की सड़क ही फोरलेन बन पाई है। डाट की पुलिया वाली रोड का काम शुरू नहीं हुआ।

**एजेंसी** - रमेश कंस्ट्रक्शन

### मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की मौजूदा स्थिति

**क्या होना है** - ऊंकाला रोड (अधूरा), शास्त्री नगर (अधूरा), जवाहर नगर, आनंद कॉलोनी और लोकेंद्र टॉकिज रोड फोरलेन इतनी लगभग 12 मीटर चौड़ी बनेगी। वह भी सीसी की। दोनों तरफ फुटपाथ, ड्रेन के साथ डिवाइडर में सेंट्रल लाइटिंग भी लगेगी। साइडिंग का काम अधूरा है।

**प्रोजेक्ट में बदलाव** - 7 चौराहों का सौंदर्यीकरण और स्टेशन रोड से महाराजा सज्जन सिंह चौराहा तक तथा बाजना बस स्टैंड से आबकारी चौराह तक की सड़क प्रोजेक्ट से बाहर हो गई है। वहीं आनंद कॉलोनी की सड़क अब 280 मीटर और लोकेंद्र टॉकिज रोड सैलाना बस स्टैंड से महज लोकेंद्र टॉकिज तक 270 मीटर लंबी ही बनेगी।

**एजेंसी** - एमपीयूडीसी (मप्र अरबन डेवलपमेंट कंपनी)

**लागत** - 25 करोड़

***डाट की पुल आखिरी में*** - *महामारी की स्थिति नियंत्रण में आती जा रही है, इसलिए गुरुवार से काम शुरू कर दिया है। अभी महाराजा सज्जन सिंह चौराहा से दो बत्ती तक की सड़क बनाएंगे। उसके बाद कॉन्वेंट तिराहा तक की सड़क बनेगी। डाट की पुल वाली रोड का काम सबसे आखिरी में करेंगे।* - **नीलेश पिरोदिया**, रमेश कंस्ट्रक्शन

***तेजी से काम शुरू किया*** - *मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में अब तीन साइट काम चल रहा है। महू रोड, ऊंकाला रोड पर धीरे-धीरे ही सही काम कर रहे थे। बुधवार से शास्त्रीनगर रोड का काम तेजी से शुरू किया है। इसके सहित बाकी की दो सड़कों का काम भी जल्द पूरा कर देंगे।*
**अमन खंडेलवाल**, इंजीनियर-एमपीयूडीसी

दै. भास्कर 28/5/21

# दफ्तरों में 50% कर्मचारी, धार्मिक स्थलों में 2 से 5 लोग आ सकते हैं

**▪ 31 को जारी होगी राज्य स्तरीय गाइडलाइन**

भास्कर न्यूज़ | भोपाल

1 जून से हो रहे अनलॉक में भोपाल-इंदौर को ज्यादा ढील मिलने की संभावना कम है। अनलॉक-1 की गाइडलाइन बनाने के लिए गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा की मौजूदगी में गुरुवार को हुई कैबिनेट सब कमेटियों की मीटिंग में सदस्यों की तरफ से सुझाव दिया गया कि भोपाल-इंदौर को एक दिन छोड़कर एक दिन ही खोला जाए। इसमें भी ज्यादा संक्रमित वाले क्षेत्रों को छोड़कर ही ढील दी जाए। दफ्तरों में 50% कर्मचारी, जबकि धार्मिक स्थलों में 2 से 5 लोगों को आने की अनुमति मिल सकती है। इस सुझाव पर अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लेंगे। सब कमेटियों की बैठक में तय हुआ कि 30 मई को जिला क्राइसिस मैनेजमेंट समूह शाम तक अपना अनलॉक प्लान भेज देंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री इस पर चर्चा करेंगे और 31 को राज्य स्तरीय गाइडलाइन जारी होगी। वैक्सीनेशन को लेकर तय हुआ कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऑफलाइन टीके लगेंगे।

### इन प्रस्तावों पर मुख्यमंत्री लेंगे निर्णय

1. चार राज्यों छत्तीसगढ़, राजस्थान, महाराष्ट्र और उत्तरप्रदेश की सीमाओं को 1 जून के बाद भी हफ्ते भर तक और बंद रखा जाए।
2. निर्माण कार्य और सर्विस प्रोवाइडर संबंधी गतिविधियां चालू रखने पर सहमति।
3. जिलों में पंजीयन और कृषि विभाग के दफ्तर खुलेंगे।
4. शादियों में दोनों पक्षों से 20-20 संख्या रहेगी।
5. अंत्येष्टि में 20 और मृत्यु भोज में भी 20 की संख्या रहेगी।
6. शराब की दुकानें खोलने पर सहमति।

### 12वीं की परीक्षा जुलाई में ऑफलाइन ली जाएगी

अनूप दुबोलिया | भोपाल. माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं की परीक्षा को लेकर दो बातें लगभग तय हैं। पहली, परीक्षा ऑफलाइन जबकि दूसरी, परीक्षा जुलाई में होगी। स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार ने भी दैनिक भास्कर से कहा कि प्रदेश में 12वीं की परीक्षा ऑफलाइन मोड से होगी। हमारा उद्देश्य है कि शिक्षा की गुणवत्ता में प्रगति के साथ प्रदेश के ज्यादातर विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षा में सफल हों। विभाग परीक्षा का खाका तय करने की कवायद कर रहा है। जून के पहले हफ्ते में बैठक होगी। इसमें पेपर का पैटर्न, परीक्षा की अवधि, प्रश्न पत्र की अवधि को लेकर निर्णय होगा। दरअसल, विभाग सीबीएसई द्वारा 1 जून को घोषित किए जाने वाले टाइम टेबल का इंतजार कर रहा है। विशेषज्ञ कहते हैं कि सीबीएसई परीक्षा और एमपी बोर्ड की परीक्षा के खत्म होने में 8 दिन से ज्यादा का अंतर नहीं रखा जाएगा। इसका कारण नीट, जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं का होना है। बारहवीं कक्षा के विद्यार्थी इनमें शामिल होते हैं।

---

**बदले नियम** • ग्रामीण अंचलों में अब वैक्सीनेशन 100 प्रतिशत ऑनसाइट बुकिंग के माध्यम से किया जाएगा

# रतलाम शहर व जावरा में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के आधार पर लगेंगे टीके, अन्य ब्लॉक के लोग भी वैक्सीन लगवा सकेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

टीकाकरण को लेकर नियम बदले हैं। अब रतलाम और जावरा में 18+ की उम्र के लोगों का टीकाकरण ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के आधार पर ही होगा। इसके अलावा सैलाना, बाजना, पिपलौदा, आलोट एवं रतलाम ग्रामीण क्षेत्रों में लोग सीधे केंद्र पर पहुंचकर टीका लगवा सकते हैं। उन्हें अपनी जन्म दिनांक दर्शाने वाली आईडी साथ लेकर जाना होगी।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक छवि भारद्वाज ने सीएमएचओ और टीकाकरण अधिकारी को इसे लेकर निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा प्रदेश के 12 नगर निगम क्षेत्रों में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के आधार पर ही टीकाकरण होगा, इसमें रतलाम शामिल है। हालांकि, स्लॉट बुकिंग के बाद भी यदि कोई टीका लगाने उपस्थित नहीं होता है तो ऐसी स्थिति में टीकाकरण केन्द्रों पर शेष वैक्सीन का उपयोग शाम 4 बजे के बाद कर सकेंगे। जिला मुख्यालय पर एक से ज्यादा स्थलों पर टीकाकरण सत्र होने की स्थिति में कुछ सत्रों को सुविधानुसार टीकाकरण के लिए जिला टीकाकरण अधिकारी की अनुशंसा पर कलेक्टर ऑनसाइट बुकिंग का निर्णय ले सकते हैं।

### यह सुविधा भी : ऑनसाइट सत्र स्थलों पर टोकन सिस्टम की व्यवस्था होगी

#### 18+ के लोगों को आज 14 जगह लगेगी वैक्सीन




जिले में 18+ के लोगों के लिए शुक्रवार को 14 स्थानों पर टीकाकरण किया जाएगा। प्री-स्लॉट बुकिंग करने वाले लोगों को ही टीका लगेगा। शासकीय कॉलेज आलोट, महात्मा गांधी स्कूल जावरा, लायंस क्लब हॉल जावरा, मांगलिक भवन जनपद पंचायत के पास बाजना, शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल सैलाना, जनपद पंचायत परिसर पिपलौदा, हायर सेकेंडरी स्कूल बिलपांक में टीके लगेंगे। शहर के सूरज हॉल, गुरुनानक सिंधु भवन बिरियाखेड़ी, साईं मंदिर परिसर शास्त्री नगर, कम्युनिटी हॉल जवाहर नगर, आईएमए हाल राजेंद्र नगर, लायंस क्लब हॉल, माहेश्वरी भवन कसारा बाजार में टीकाकरण होगा।

**ग्रामीण क्षेत्र में ऑनसाइट बुकिंग से लगेगी वैक्सीन** - ग्रामीण अंचलों में वैक्सीनेशन 100 प्रतिशत ऑनसाइट बुकिंग के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए ऑनसाइट सत्र स्थलों पर टोकन सिस्टम की व्यवस्था होगी। जिससे पहले आने वाले व्यक्ति का पहले वैक्सीनेशन किया जा सकेगा। शासकीय टीकाकरण केंद्रों पर कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी के परिवार के सदस्यों व आश्रित सदस्यों का टीकाकरण उसी केंद्र में किया जा सकता है।

दैनिक भास्कर २८/५/२१

# दुकानें बंद हैं, सड़कों पर कचरा क्यों दिख रहा है

## कलेक्टर ने दिए व्यवस्था सुधारने के निर्देश

**रतलाम।** गुरुवार को कलेक्टर व नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की जानकारी ली।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि नगर निगम द्वारा डोर-टू-डोर कचरे का संग्रहण किया जा रहा है तो शहर के विभिन्न स्थानों पर कचरा क्यों दिखाई दे रहा है। लाकडाउन में व्यावसायिक क्षेत्र बंद है तो कचरा कहीं दिखाई नहीं देना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी व झोन प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे सफाई कार्य में सुधार करें व शहर में कहीं भी कचरा दिखाई नहीं देना चाहिए। बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जीके जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी आदि उपस्थित थे।

**शहर के विकास व विस्तारीकरण पर काम करें :** कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मास्टर प्लान के आधार पर शहर के विस्तारीकरण का प्रस्ताव तैयार किया जाए। शहर के अंदर विकास कार्य नगर निगम व शहर के विस्तारीकरण का कार्य रतलाम विकास प्राधिकरण करे। बैठक में निगम आयुक्त ने मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना, अमृत मिशन में शहर के बड़े नालों को पक्का करना, सीवरेज प्रोजेक्ट, कालिका माता व अमृत उद्यान का सुंदरीकरण, सिटी ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट की जानकारी दी। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सीवरेज के हाउस कनेक्शन में तेजी लाकर शेष कार्यों को जल्द पूरा किया जाए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना के द्वितीय चरण में फोरलेन सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण, वुमन स्पोर्ट्स कांप्लेक्स व पीएम आवास के साथ ही पेयजल आपूर्ति, निगम संपत्ति, जलकर वसूली की जानकारी भी ली।



बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को जानकारी देते हुए निगमायुक्त झारिया। ● नईदुनिया

नईदुनिया 28/5/21

# 74 हॉटस्पॉट, 31000 घरों में कोरोना लक्षण वाले 133 मिले

## 287 टीमें घर-घर लोगों के सर्वे में जुटीं

**भास्कर संवाददाता | रतलाम**

कहने को पॉजिटिविटी रेट भले ही कम हो गया हो लेकिन संक्रमण का खतरा अब भी बरकरार है। वजह लगातार एक ही क्षेत्र से मिल रहे संक्रमित हैं। शहर में ऐसे लगभग 74 हॉटस्पॉट हैं। 31 वार्ड में की गई इन हॉटस्पॉट की पहचान के बाद घर-घर सर्वे चल रहा है। 287 टीम के 1100 से ज्यादा सदस्यों ने हर घर में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति के स्वास्थ्य की पड़ताल शुरू कर दी है। गुरुवार और शुक्रवार दो दिन चलने वाले सर्वे में गुरुवार को टीमों ने 31000 घरों में दस्तक दी। इनमें 133 व्यक्ति कोरोना जैसे लक्षण सर्दी, खांसी, जुकाम वाले मिले। इन्हें टीम ने हाथों-हाथ मेडिसिन किट दे दी। साथ ही तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर तुरंत समीपस्थ फीवर क्लीनिक या अस्पताल जाने की सलाह दी।

**75 से ज्यादा खुले** - कंटेनमेंट जोन बनाने की शुरुआत 11 मई को हुई थी। 16 दिन में अब तक 202 कंटेनमेंट जोन बनाए जा चुके हैं। गुरुवार को 8 क्षेत्रों को जाली, ग्रीन नेट बांधकर बंद किया गया। इनमें

### वैक्सीनेशन सेंटर एरिया में कहां-कितने हॉट स्पॉट

| टीकाकरण केंद्र | वार्ड | हॉट स्पॉट |
|---|---|---|
| अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल | 12 | 31 |
| काश्यप सभागृह | 6 | 22 |
| धोबी समाज धर्मशाला रामगढ़ | 5 | 08 |
| डीआरएम ऑफिसर क्लब | 2 | 05 |
| मोहन टॉकीज | 6 | 08 |

*सेंटर बढ़ाएंगे- ■ घर-घर सर्वे में पहले ही दिन गुरुवार को 133 लक्षण वाले मिले हैं। जिन क्षेत्रों से ज्यादा मरीज आए उन्हें हॉट स्पॉट के रूप में चयनित किया है। जरूरत हुई तो और भी सेंटर बनाएंगे।*
**अभिषेक गेहलोत,** एसडीएम शहर

तोड़कर गए गमी वाले घर में, - महेश नगर (नयागांव) में बने कंटेनमेंट जोन में पॉजिटिव महिला की मृत्यु के बाद गुरुवार को परिवार से मिलने के लिए धराड के कुछ रिश्तेदार कंटेनमेंट जोन तोड़कर अंदर घुस गए। सैंपलिंग के दौरान

पहले दिन तीन संदिग्ध मरीज पहुंचे, उपचार के लिए इंजेक्शन और गोलियां भी आई

# ब्लैक फंगस: मेडिकल कॉलेज में शुरू हुई ओपीडी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** ब्लैक फंगस का उपचार अब रतलाम में भी हो सकेगा। मेडिकल कॉलेज में इसके लिए अलग से ओपीडी शुरू की गई है। इसके तहत पहले दिन यहां पर तीन संदिग्ध मरीज उपचार के लिए पहुंचे। म्यूकोरमाइकोसिस की ओपीडी सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक रहेगी। इस दौरान मरीज यहां आकर अपनी जांच करा सकते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि मरीजों को अब उपचार के साथ यहां से दवा भी मिल सकेगी। उक्त बीमारी में लगने वाले इंजेक्शन और गोलियां भी मेडिकल कॉलेज पहुंच गई है।

मेडिकल कॉलेज के फीवर क्लीनिक में ही म्यूकोरमाइकोसिस की ओपीडी लगेगी। इसमें नेत्र रोग विभाग के साथ ही नाक, कान, गला रोग के साथ ही दंत चिकित्सक भी मौजूद रहेंगे। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि पोस्ट कोविड जिन्हें की शुगर की बीमारी है, वह ऑर्गन ट्रांसप्लांट या





किसी प्रकार की किडनी की बीमारी है उन्हें कोई सिम्टम नजर आए तो उपचार के लिए यहां आ सकते हैं।

## यह है लक्षण

बीमारियों से ग्रस्त किसी व्यक्ति को नाक से खून आता है या काला पदार्थ निकलता है, आंखों के चारों तरफ दर्द होना, लगातार तेज सिर दर्द होता है या पलकों पर सूजन आती है या फिर आंख बाहर की तरफ निकलती नजर आए तो ऐसा व्यक्ति तत्काल म्यूकोर ओपीडी में आकर पहली जांच कराकर समय पर उपचार शुरू करा सकता है।

## इंजेक्शन-गोलियां आई

ब्लैक फंगस के उपचार से जुड़ी 144 वह ओसाकोनेजोल टैबलेट के साथ ही 35 एम्फोटेरिसिन बी के इंजेक्शन भी आ चुके हैं। यह गोलियां और इंजेक्शन ब्लैक फंगस के मरीजों के उपचार में काफी सहायक हैं। यदि मरीज को सर्जरी करानी है तो ही उसे मेडिकल कॉलेज से इंदौर रेफर किया जाएगा।

पत्रिका 28/5/21

# मेडिकल, पेट्रोल पंप व गैस एजेंसी अमले के लिए लगेगा विशेष कैंप

रतलाम। शहर के मेडिकल स्टोर कर्मचारियों, पेट्रोल पंप, एलपीजी सिलिंडर वितरकों के लिए विशेष वैक्सीनेशन कैंप आयोजित किए जाएं। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने गुरुवार शाम आयोजित वीसी में दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षी सिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर ने वीसी द्वारा जिले के सभी एसडीएम से चर्चा में कोरोना नियंत्रण की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। आलोट तथा बाजना क्षेत्र के कुछ गांवों में लोगों द्वारा वैक्सीन नहीं लगवाने की जानकारी पर कलेक्टर ने कहा कि लोगों को समझाइश दी जाए कि वैक्सीनेशन नहीं करवाने पर कंटेनमेंट क्षेत्र खोलने में दिक्कत आएगी। एसडीएम पूर्ण प्रयास करें कि शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन हो, जो 18 प्लस के युवा वैक्सीन लगवाने आते हैं, उनसे संकल्प पत्र भरवाए जाएं कि वे अपने बाकी घर वालों का भी वैक्सीनेशन करवाएंगे। जिला टीकाकरण अधिकारी डा. वर्षा कुरील ने बताया कि शनिवार से रतलाम शहर को छोड़कर जिले के बाकी स्थानों पर टीकाकरण के लिए व्यक्तियों का आन द स्पाट रजिस्ट्रेशन होगा।

**सर्वे में संदिग्ध मरीजों की संख्या कम हुई:** वीसी में किल कोरोना सर्वेक्षण अभियान की जानकारी में बताया गया कि जिले में अब संदिग्ध मरीज संख्या में गिरावट आ रही है। ओपीडी में मरीजों की संख्या कम हो रही है। 27 मई को भी बहुत कम संख्या में संदिग्ध मरीज पूरे जिले में मिले हैं।

आयुष्मान कार्ड बनाने में ढिलाई बरतने पर जनपद पंचायत रतलाम के सीईओ के प्रति कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आयुष्मान कार्ड गरीब व्यक्ति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमें शत-प्रतिशत लक्ष्य अनुसार लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाना है।

दै. भास्कर 28/5/21

# 854 मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 854 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। गुरुवार को बाजना बस स्टैंड, रामगढ़, हरमाला रोड आदि क्षेत्रों से छह मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

## ...यता से कम हुई कोरोना की रफ्तार, तीनों विधायकों की सक्रियता आई काम

# ...जावरा विधानसभा में थम रहा खतरा

...निभाई है। रतलाम शहर, ग्रामीण और जावरा विधायकों की सक्रियता के चलते क्षेत्र में लगातार तेजी से बढ़ते संक्रमण पर ...काफी बेहतर नजर आ रही है। जनप्रतिनिधि भी इसका श्रेय क्षेत्र के रहवासियों को ही दे रहे हैं, क्योंकि लोग जागरूक बने है।

...नसभा

विधायक - दिलीप मकवाना
सरवड़ क्षेत्र - 2 एक्टिव केस



...है। इसमें 96 ग्राम ...ते हैं। ग्राम सरवड़ ... परिवार के सदस्य ...चार कराने से जल्द ...टस्पॉट बनने लगे ...स्वास्थ्य विभाग के ...गया जिसके चलते ...व सरवड़ में सिर्फ

### कोरोना के चलते लोग घरों में ही रहते हैं

हमारे यहां एक्टिव केस ज्यादा नही आए क्योंकि गांव छोटा है और अधिकतर लोग घर में ही रहते हैं। शहर या अन्य स्थानों पर नही जाते हैं, कुछ दिनों पहले किल कोरोना अभियान के अंतर्गत लोगों को दवाई बांटी गई थी जिससे लोग बीमार नहीं हुए। गांव में कोरोना का ज्यादा प्रभाव देखने को नही मिला।

**गजराज डिंडोर**, ग्राम सरवड़

## केस - 3 : जावरा विधानसभा

विधायक - डॉ. राजेंद्र पाण्डेय
चुड़ी गली जावरा - 2 एक्टिव केस



जिले में जावरा विधानसभा काफी बड़ी है, यहां नगरीय क्षेत्र में भी हजारों की संख्या में लोग निवास करते हैं। जावरा के कुछ गांव और शहर में कोरोना संक्रमण तेजी से फैला था लेकिन जावरा विधायक डॉ राजेंद्र पांडे स्वयं भी पॉजिटिव आए थे। स्वस्थ होने के बाद उन्होंने सबसे पहले चुड़ी गली स्थित अपने क्षेत्र को सुरक्षित किया और फिर पूरी विधानसभा के साथ ही जिले भर के लिए लड़ाई लड़ी। उनके द्वारा मुख्यमंत्री से कई बार जिले के बिगड़ते हालातों को लेकर चर्चा की गई जिसके चलते तत्कालीन कलेक्टर की भी छुट्टी हो गई और आज जावरा के साथ अन्य क्षेत्रों में हालात बेहतर होने लगे हैं।

### विधायक के प्रयास व सभी की सहभागिता

वर्तमान में हालात कोरोना से बेहतर हो चुके है। लोगों की सूझबूझ और जनप्रतिनिधि की सक्रियता के दम पर बीमारी पर काफी हद तक काबू पाया जा सका है। विधायक द्वारा समय-समय पर मुख्यमंत्री से बात करके हालात बेहतर करने के प्रयास किए हैं।

**मोहम्मद सलीम खान**, रहवासी चुड़ी गली

...क कार्य से घर के बाहर ...लन किया गया। यदि ...विभाग की टीम ने जांच की ...सके चलते स्थिति में सुधार



### बेहतर प्लानिंग से कम हुई रफ्तार

क्षेत्र में बढ़ते मरीजों की संख्या को देख प्रशासन को दिए गए सुझाव पर उनके द्वारा अमल किया गया और गांव में ही मरीज मिलने पर उसे वहीं की धर्मशाला और हॉल में कोविड सेंटर बनाकर परिवार से अलग रखा गया। परिजनों को भी कोरोना किट उपलब्ध कराई गई थी। 115 बेड का अस्थाई हॉस्पिटल तैयार किया गया। **-डॉ राजेंद्र पांडे**, विधायक जावरा



8/5/21

# 1 जून से सरकारी कार्यालयों में 50 फीसदी उपस्थिति

## निर्माण कार्य शुरू होंगे, मंदिर में एक बार में 2 लोगों को ही प्रवेश ,मॉल, सिनेमा नहीं खुलेंगे

**भोपाल ● 27 मई ( ब्यूरो )**
मध्यप्रदेश में पाबंदियों के साथ 1 जून से अनलॉक की धीरे-धीरे शुरुआत होगी। सरकारी दफ्तरों में कर्मचारियों की संख्या 50 फीसदी रहेगी, लेकिन पंजीयन और एग्रीकल्चर कार्यालय पूरी क्षमता के साथ खुलेंगे। निर्माण कार्य और सर्विस प्रोवाइडर सेक्टर की सेवाएं भी शुरू हो जाएंगी। यह सहमति गुरुवार को मंत्री समूह की बैठक में बनी है। बैठक में तय किया गया है कि शादी समारोह में दोनों पक्षों से 20-20 लोगों को अनुमति रहेगी। दाह संस्कार व मृत्यु भोज में भी 20-20 लोग शामिल हो सकेंगे। निर्माण कार्य शुरू होंगे, मंदिर में एक बार में 2 लोगों को ही प्रवेश मिलेगा। मॉल, सिनेमा नहीं खुलेंगे। इस पर अंतिम फैसला 31 मई को मुख्यमंत्री के साथ बैठक में लिया जाएगा।

गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई बैठक में सहमति बनी है कि जिलों में कोरोना संक्रमण की स्थिति को देखते हुए कुछ शर्तों के साथ आर्थिक गतिविधियां शुरू होंगी। इसके लिए जिला क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप शर्तें तय करेगा। राजनीतिक और धार्मिक आयोजन बंद रहेंगे, लेकिन मंदिरों में एक समय में दो श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे।

राज्य की सीमाओं पर आगे भी सख्ती जारी रखने का फैसला इस बैठक में लिया गया है। मॉल व सिनेमा हॉल फिलहाल बंद रहेंगे। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, पर्यटन मंत्री उषा ठाकुर, शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार और उच्च अधिकारी मौजूद थे। इससे पहले मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने बुधवार को ऐलान किया कि अनलॉक के दौरान आर्थिक गतिविधियां शुरू होंगी।



### परिस्थितियों के हिसाब से निर्णय

हर जिले की अलग-अलग परिस्थितियां हैं। कहीं कोरोना पूरी तरह से नियंत्रित हो गया है, तो कहीं केस हर दिन कम-ज्यादा हो रहे हैं। भोपाल-इंदौर जैसे बड़े जिलों में अभी ज्यादा केस आ रहे हैं। ऐसे में क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप को इन सभी पहलुओं पर विचार कर निर्णय लेना चाहिए।

### एक केस भी मिला तो माइक्रो कंटेनमेंट जोन बनाएंगे

हर रोज 75 हजार का टेस्ट का टारगेट रहेगा। संक्रमण की दर कम हो गई है, ऐसे में ट्रेसिंग संभव है। किसी एक की रिपोर्ट पॉजिटिव आएगी, तो परिवार का टेस्ट किया जाएगा। एक केस मिलने पर माइक्रो कंटेनमेंट जोन बनाकर प्रतिबंध भी लगाए जाएंगे।

स्वदेश 28/5/21

# 20 मिनट हुई तेज बारिश, शहर हुआ तरबतर



रतलाम. जावरा में गुरुवार की शाम को भी अचानक तेज हवा और धूल भरी आंधी के साथ बारिश हुई। करीब 20 मिनिट तक रिमझिम के साथ तेज बारिश हुई, हवा भी चली। जिससे मौसम में ठंडक घुल गई। शाम करीब 5 बजे आसमान से राहत बरसी और थोड़ी सी देर में शहर में झमाझम बारिश शुरु हो गई। करीब 20 मिनिट तक गिरे इस पानी ने बिजली कंपनी के मेंटेनेंस तथा नगर पालिका की बारिश पूर्व की सफाई की पोल खोल दी।

**जिले में 651 अस्थाई पात्रता पर्ची जारी हुई**

# कलेक्टर बोले पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करें



# मेडिकल कालेज में पीएसए ऑक्सीजन प्लांट का स्थापना कार्य पूर्ण

रतलाम ● स्वदेश समाचार 28-5-21

चेतन्य काश्यप फाउण्डेशन द्वारा शासकीय मेडिकल रतलाम में पीएसए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर प्लांट की स्थापना का कार्य उपकरण आते ही पूर्ण हो गया है। इसका विद्युत कनेक्शन भी जुड़ गया है और ऑक्सीजन उत्पादन एवं आपूर्ति का परीक्षण शुरू कर दिया गया है। परीक्षण पूर्ण होते ही ऑक्सीजन प्लांट का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा।

फाउण्डेशन अध्यक्ष, विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि शासकीय मेडिकल कॉलेज में पीएसए ऑक्सीजन प्लांट के लिए आवश्यक सभी उपकरण कोयम्बटूर से बुधवार को आ गए। इसके बाद इंजीनियरों की टीम ने दिनभर में उनका इंस्टॉलेशन कर दिया। कोयम्बटूर से 57 क्यूबिक मीटर क्षमता का जनरेटर, 2000 लीटर क्षमता का ऑक्सीजन रिसीवर, एयर रिसीवर तथा एयर ड्रायर लाया गया है। ऑक्सीजन प्लांट के लिए सबसे महत्वपूर्ण एयर कंप्रेशर पिछले सप्ताह ही पूणे से रतलाम आ चुका था।

श्री काश्यप ने बताया कि ऑक्सीजन उत्पादन एवं आपूर्ति के परीक्षण के बाद प्लांट का शुभारंभ कर दिया जाएगा। यह ऑक्सीजन प्लांट ट्रायडेंट कंपनी द्वारा लगाया गया है, जो डीआरडीओ की चैनल पार्टनर है और उसने देश के कई मेडिकल कालेज में ऑक्सीजन प्लांट लगाए है। पीएसए प्लांट में सीधे हवा से ऑक्सीजन उत्पादित होगा, इससे लीक्विड ऑक्सीजन पर निर्भरता नहीं रहेगी और मरीजों को अनवरत ऑक्सीजन की आपूर्ति हो सकेगी।

स्वदेश 28/5/21

टीकाकरण को लेकर नई गाइड लाइन हुई जारी

# टीकाकरण अब ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के आधार पर होगा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शासकीय संस्थाओं में संचालित किए जा रहे 18 से 44 आयु संवर्ग के कोविड-19 टीकाकरण को लेकर शासन ने नए दिशा निर्देश जारी किए हैं। यह आदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक छवि भारद्वाज ने सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला टीकाकरण अधिकारी को दिए हैं। इसके तहत अब स्लॉट बुकिंग के बाद भी टीका लगाने नहीं पहुंचे तो ऑनसाईट रजिस्ट्रेशन होगा।

स्लॉट बुकिंग के बाद भी लाभार्थी टीका लगाने उपस्थित नहीं होते हैं तो ऐसी स्थिति में टीकाकरण केंद्रों पर शेष वैक्सीन का उपयोग शाम 4 बजे के बाद ऑनसाइट बुकिंग के आधार पर किया जाए लेकिन इसकी संख्या 20 प्रतिशत से अधिक न हो। निर्देश में यह भी बताया गया है कि शेष जिला मुख्यालयों पर 100 प्रतिशत ऑनलाईन बुकिंग के आधार पर टीकाकरण किया जाए। जिला मुख्यालय पर एक से अधिक स्थलों पर टीकाकरण सत्र संचालित होने की स्थिति में कुछ सत्रों को सुविधानुसार टीकाकरण के लिए जिला टीकाकरण अधिकारी की अनुशंसा पर कलेक्टर द्वारा ऑनसाईट बुकिंग का निर्णय लिया जा सकता है।

जिला मुख्यालयों को छोड़कर प्रदेश के शेष समस्त ग्रामीण अंचलों में कोविड-19 वैक्सीनेशन 100 प्रतिशत ऑनसाईट बुकिंग के माध्यम से किया जाएगा। ऑनसाईट सत्र स्थलों पर टोकन सिस्टम की व्यवस्था की जाए, जिससे पहले आने वाले व्यक्ति का पहले वैक्सीनेशन किया जा सके। अधिकारी-कर्मचारी के परिवार के सदस्यों एवं आश्रित सदस्यों का टीकाकरण उसी केंद्र में किया जा सकता है।

पत्रिका 28/5/21

जिला पंचायत सीईओ ने कहा

# अभियान: कोई भी व्यक्ति व घर कोरोना संक्रमण जांच से न छूटे



रतलाम. धामनोद नगर परिषद में किल कोरोना 4 के संबंध में आवश्यक बैठक हुई। इसे जिला पंचायत की सीईओ मीनाक्षीसिंह ने संबोधित किया। बैठक में उन्होंने कहा कि कोई भी घर एवं कोई भी नागरिक कोरोना जांच से नहीं छूटे। जिस व्यक्ति की उम्र 45 वर्ष से अधिक हो चुकी है वह वैक्सीन अनिवार्य रूप से लगवाए।

धामनोद में यह कार्य शत-प्रतिशत होना आवश्यक है इस हेतु नगर के जनप्रतिनिधि, पूर्व पार्षद तथा सहयोगी संस्थाओं व व्यक्तियों का भी सहयोग ले। लॉकडाउन संक्रमण रोके जाने हेतु स्थायी समाधान नहीं है लेकिन लॉकडाउन हटाने के पूर्व नगर तथा संपूर्ण जिले में कोविड संक्रमण की संख्या शून्य होना आवश्यक है। इसके पश्चात ही इस संबंध में शासन द्वारा विचार किया जाना संभव है। इस अवसर पर संयुक्त संचालक नगरी प्रशासन उज्जैन संभाग राजीव निगम, डिप्टी कलेक्टर एवं तहसीलदार कृतिका भीमावत, नायब तहसीलदार मुकेश सोनी एवं समस्त वार्डों के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# कोरोना की रफ्तार थमने लगी, प्रकरण और मौतों का सिलसिला भी हुआ कम

## हर घर दस्तक, कोई घर छूटे नहीं, इस अभियान में 300 टीमें लगी

रतलाम ● स्वदेश समाचार

कोरोना की दूसरी लहर का असर अब देश के साथ ही प्रदेश और जिले में भी कम होने लगा है। यही कारण है कि संक्रमित मरीजों की संख्या जो लगभग 400 के आसपास पहुंच गई थी, वह घटकर अब 48 तक रह गई है। जहां मृत्यु का सरकारी आंकड़ा 6-7 तक पहुंच गया था वह भी घटकर दो तक रह गया है। यह अच्छी खबर है। लोगों को लगने लगा है कि एक जून के बाद प्रदेश के जिन जिलों में अनलॉक की स्थिति बनेगी उसमें रतलाम जिले को भी रियायत मिलने की संभावना है।

कोरोना मरीजों के गहन संरक्षण के लिए दो दिवसीय अभियान आज से प्रारंभ हुआ। यह अभियान 28 को भी चलेगा। हर घर दस्तक कोई घर छूटे नहीं नामक इस अभियान में लगभग 300 सर्वेक्षण दल शहर के प्रत्येक घर पहुंच रहे हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोतम ने बताया कि यद्यपि कोरोना मरीजों की संख्या में कमी आ रही है। फिर भी कुछ गंभीर मरीज सामने आते हैं इसके लिए गहन सर्वेक्षण किया जाकर संदिग्ध मरीजों को चिन्हित किया जाए। इनके प्रारंभिक स्तर पर दवाई देकर गंभीर स्थिति से बचाया जाए। अभियान में संदिग्ध मरीजों की पूरे सप्ताह मॉनिटरिंग की जाएगी।

## अब अस्पतालों में बेड खाली

मेडिकल कॉलेज सहित अन्य कोविड अस्पतालों में मरीजों की संख्या में भी कमी आई है। अब इन अस्पतालों में पलंग खाली मिल रहे हैं। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज मेडिकल कॉलेज में 12 नए मरीज भर्ती हुए। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आईसीयू बेड 56 में से 54 पर पेशेंट हैं। एचडीयू में 172 बेड में 136 पर पेशेंट हैं। ऑक्सीजन बेड 180 में 30 पर पेशेंट हैं। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 में से 8 पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 228 पेशेंट हॉस्पिटल में भर्ती हैं इनमें 167 पॉजिटिव हैं तथा शेष सस्पेक्टेड या ऑक्सीजन लेवल वाले हैं। हॉस्पिटल में रिक्त बेड 322 हैं। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार आज तक टोटल रिसीव्ड 7626, डिस्ट्रीब्यूटेड 1567, कन्ज्यूम्ड 5584, करंट स्टाक 485 है। उन्होंने बताया कि मरीजों एवं उनके परिजनों को सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए किए जा रहे प्रयासों में निरंतर वृद्धि की जा रही है।

## पॉजिटिव बच्चों बढ़े, आंकड़ा हुआ 48

जिले में 26 मई को कोरोना जांच रिपोर्ट में रतलाम सिटी में 25, ग्राम धराड़ में 4, जावरा में 3, आलोट में 2, बिलपांक में 2, पिपलोदा में 2 कोरोना पॉजिटिव एवं जिले के संदला, धमोत्तर, शिवपुर, बम्बोरी, बिलपांक, इटावामाताजी, गराड़िया, प्रीतमनगर, बंजली और ताल में 1-1 कुलमिलाकर जिले में 48 महिला, पुरुष व बच्चों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव है। ग्राम धराड़ में 8 वर्ष का बालक, रतलाम सिटी में 8 वर्ष का बालक, 11 वर्ष का बालक और 11 वर्ष की बालिका कोरोना पॉजिटिव आए।

## टीकाकरण के लिए नवीन निर्देश जारी

प्रदेश में शासकीय संस्थाओं में संचालित किए जा रहे 18 से 44 आयु संवर्ग के कोविड-19 टीकाकरण के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक श्रीमती छवि भारद्वाज ने समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला टीकाकरण अधिकारी को नवीन दिशा निर्देश जारी किए हैं।

## ग्रामीण अंचलों में ऑनसाइट बुकिंग से लगेगी वैक्सीन

परिपत्र में जिला मुख्यालयों को छोड़कर प्रदेश के शेष समस्त ग्रामीण अंचलों में कोविड-19 वैक्सीनेशन 100 प्रतिशत ऑनसाइट बुकिंग के माध्यम से किया जाएगा। ऑनसाइट सत्र स्थलों पर टोकन सिस्टम की व्यवस्था की जाए, जिससे पहले आने वाले व्यक्ति का पहले वैक्सीनेशन किया जा सके। शासकीय टीकाकरण केन्द्रों पर कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी के परिवार के सदस्यों एवं आश्रित सदस्यों का टीकाकरण उसी केन्द्र में किया जा सकता है। सभी निर्देश शासकीय टीकाकरण सत्रों में लागू होगा।

## स्लॉट बुकिंग के बाद भी टीका लगाने नहीं पहुंचे तो ऑनसाइट होगा रजिस्ट्रेशन

मिशन संचालक श्रीमती भारद्वाज द्वारा जारी परिपत्र में 18 से 44 आयु संवर्ग के कोविड-19 टीकाकरण के लिए प्रदेश के 4 महानगरों में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और 12 नगर निगम क्षेत्रों बुरहानपुर, छिंदवाड़ा, सतना, रीवा, देवास, कटनी, खण्डवा, मुरैना, रतलाम, सागर, सिंगरौली एवं उज्जैन में 100 प्रतिशत टीकाकरण ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के आधार पर किए जाएंगे। स्लॉट बुकिंग के बाद भी लाभार्थी टीका लगाने उपस्थित नहीं होते हैं ऐसी स्थिति में टीकाकरण केन्द्रों पर शेष वैक्सीन का उपयोग शाम 4 बजे के उपरांत ऑनसाइट बुकिंग के आधार पर किया जाए। इसकी संख्या 20 प्रतिशत से अधिक न हो। परिपत्र में निर्देश है कि शेष जिला मुख्यालयों पर 100 प्रतिशत ऑनलाइन बुकिंग के आधार पर टीकाकरण किया जाए। परिपत्र में यह भी निर्देश है कि जिला मुख्यालय पर एक से अधिक स्थलों पर टीकाकरण सत्र संचालित होने की स्थिति में कुछ सत्रों को सुविधानुसार टीकाकरण के लिए जिला टीकाकरण अधिकारी की अनुशंसा पर कलेक्टर द्वारा ऑनसाइट बुकिंग का निर्णय लिया जा सकता है।

स्वदेश 28/5/21

**विकास कार्य जाने** • कलेक्टर ने नगर निगम पहुंच विकास कार्य तेज करने को कहा

# खेतलपुर व करमदी रोड पर बन रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की प्रोग्रेस जानी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सीवरेज सिस्टम में किए जाने वाले हाउस कनेक्शन का काम तेजी से करो। इसके अलावा सिस्टम का जो भी काम बाकी रह गया हो उसे भी जल्द से जल्द पूरा करो। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने गुरुवार को नगर निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी लेने के बाद निगम अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने खेतलपुर और करमदी रोड पर बन रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की भी जानकारी ली। इस दौरान आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कलेक्टर को प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रत्येक विकास कार्य की जानकारी देते हुए वर्तमान स्थिति बताई। उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जीके जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, एमके जैन, अरविंद दशोत्तर, जलप्रदाय विभाग प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य, निगम सचिव जसवंत जोशी, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह आदि उपस्थित रहे।

**फिर कचरा क्यों दिखाई दे रहा है** - सफाई व्यवस्था की जानकारी लेने के दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह को हल्की फटकार भी लगाई। बोले डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण किया जा रहा है। इसके अलावा वर्तमान में लॉकडाउन भी चल रहा है, व्यावसायिक क्षेत्र भी बंद है। इन सबके बावजूद कई स्थानों पर कचरा दिखाई दे रहा है, जबकि इतने इंतजामों के बाद कचरा नहीं दिखना चाहिए। अपनी सफाई व्यवस्था में सुधार करो। शहर में कहीं भी कचरा नहीं दिखाई देना चाहिए।

**आयुक्त ने हर कामों का ब्योरा प्रजेंटेशन से दिया**



कलेक्टर को विकास कार्यों की जानकारी देते कमिश्नर झारिया।

**इन विकास कार्यों पर हुई बात** - मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना, अमृत मिशन, मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना, वुमन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत सागर तालाब जीर्णोद्धार, हनुमान ताल शुद्धिकरण व सौंदर्यीकरण, नगर विकास का पंचवर्षीय रोडमैप, जलप्रदाय व्यवस्था के साथ अचल संपत्ति विक्रय की भी जानकारी ली। इसके अलावा संपत्तिकर व जलकर वसूली की जानकारी लेकर बकाया राशि वसूलने के लिए कहा।

दै. भास्कर 28/5/21

# 39 नए मरीज मिले, दो की मौत रिकवरी रेट 90 पहुंचा

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना संक्रमण दर कम होते ही हालात भी तेजी से सुधर रहे हैं। गुरुवार को 39 नए मरीज मिले, 212 स्वस्थ हुए जबकि दो मौत हुई। जिले में कुल मौतों की संख्या 302 हो गई है। अब तक मिले 17187 मरीजों में से 15558 स्वस्थ हो चुके हैं। हो गई है। मई के 27 दिनों में ही 73 मौत हुई है। दो मुखी बावड़ी निवासी 53 वर्षीय पुरुष व राजस्व कालोनी निवासी 60 वर्षीय पुरुष की मेडिकल कालेज में मौत हो गई। अभी एक्टिव मरीजों की संख्या 1327 है। कोरोना काल में रिकवरी रेट 90.5 प्रतिशत हो गया है।

**22 मरीजों को मेडिसिन किट वितरित:** ई-दक्ष केंद्र रतलाम से गुरुवार को होम आइसोलेशन के मरीजों की सूची स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 23 मेडिसिन किट लेकर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलों को वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई।

वार्ड वार गठित दलों द्वारा होम आइसोलेशन के मरीजों के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया। सूची अनुसार 22 मरीजों को मेडिकल किट का वितरण किया गया। एक मरीज को पूर्व से ही मेडिसिन प्राप्त हो चुकी थी। इसके अलावा 45 मेडिसिन किट मरीज के स्वजनों को प्रदान की गई।

**नगरीय क्षेत्र में 202 कंटेनमेंट जोन बनाए:** कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए कलेक्टर व प्रशासक नगर निगम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार ऐसे क्षेत्र जहां कोरोना संक्रमित मिल रहे हैं, उस क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन बनाया जा रहा है।

# ब्लैक फंगस के लिए मेडिकल कालेज में आज से शुरू होगी ओपीडी

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शासकीय मेडिकल कालेज में ब्लैक फंगस के मरीजों के लिए 10 बेड का अलग वार्ड तैयार किया गया है, शुक्रवार से वहां म्यूकोरमाइकोसिस (ब्लैक फंगस) के लिए ओपीडी शुरू हो रही है। यहां के फीवर क्लीनिक में ही ओपीडी सुबह नौ से दो बजे तक संचालित होगी, जहां ब्लैक फंगस के संदिग्ध मरीजों की विशेष जांच की जाएगी। इसके बाद लक्षण मिले तो उपचार शुरू कर दिया जाएगा।

अभी तक ब्लैक फंगस का एक भी मरीज मेडिकल कालेज में भर्ती नहीं है। दो संदिग्ध मरीज गुरुवार को आए थे, लेकिन उनमें ब्लैक फंगस नहीं पाया गया। इसके पहले भी तीन संदिग्ध मरीज आए थे। हालांकि जरूरी दवाएं कालेज में मंगवाई गई हैं। ओपीडी में तीन स्पेशलिस्ट डाक्टरों टीम तैनाती की गई। नेत्र रोग, नाक कान गला रोग व दंत रोग विभाग के विशेषज्ञों की सुविधा उपलब्ध रहेगी। कालेज के डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि पोस्ट कोविड मरीज जिन्हें शुगर की बीमारी है व आर्गन ट्रांसप्लांट या किसी प्रकार के किडनी की बीमारी है। साथ ही नाक से खून या काला पदार्थ निकलना, आंखों के चारो तरफ दर्द होना, निरंतर तेज सिर दर्द होना, पलकों पर सूजन आना अथवा दर्द होना, आंखों का बाहर तरफ निकलने के लक्षण दिखते हैं तो तुरंत म्यूकोरमाइकोसिस ओपीडी में जांच होगी। ऐसे लक्षण दिखने पर लोग तुरंत ओपीडी में आकर जांच कराएं।

**प्रदेश में सिर्फ रतलाम में ही व्यवस्था**

डीन डा. गुप्ता ने दावा किया कि प्रदेश में रतलाम मेडिकल कालेज में ही ऐसी ओपीडी शुरू की जा रही है। ब्लैक फंगस के उपचार की दवाई और इंजेक्शन के इंतजाम भी जल्दी हो जाएंगे, प्रक्रिया चल रही है। ब्लैक फंगस की रोकथाम के लिए वार्ड और डाक्टरों की डेडीकेटेड टीम तैयार है। संदिग्ध लक्षणों के मरीज सामने आने पर उनका डायग्नोसिस और प्रारंभिक उपचार की व्यवस्था बना ली गई है।

नईदुनिया 28/5/21

# रतलाम व जावरा शहर में आनलाइन और गांवों में आनसाइट बुकिंग होगी

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। 18 से 44 आयु वर्ग में रतलाम व जावरा शहर क्षेत्र में 100 प्रतिशत टीकाकरण आनलाइन रजिस्ट्रेशन के आधार पर किया जाएगा। स्लाट बुकिंग के बाद भी लाभार्थी टीका लगाने उपस्थित नहीं होते हैं तो ऐसी स्थिति में टीकाकरण केंद्रों पर शेष वैक्सीन का उपयोग शाम चार बजे के बाद आनसाइट बुकिंग के आधार पर किया जाए। इसकी संख्या 20 प्रतिशत से अधिक न हो। टीकाकरण को लेकर यह निर्देश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक छवि भारद्वाज ने सभी सीएमएचओ व जिला टीकाकरण अधिकारी को दिए हैं। जिला मुख्यालय पर एक से अधिक स्थलों पर टीकाकरण सत्र संचालित होने की स्थिति में कुछ सत्रों को सुविधानुसार जिला टीकाकरण अधिकारी की अनुशंसा पर कलेक्टर द्वारा आनसाइट बुकिंग का निर्णय लिया जा सकता है।

**ग्रामीण अंचलों में टोकन देंगे:** नए निर्देशों में गांवों में आनसाइट बुकिंग के माध्यम से टीकाकरण किया जाएगा। केंद्रों पर टोकन सिस्टम की व्यवस्था की जाएगी, जिससे पहले आने वाले व्यक्ति का पहले वैक्सीनेशन किया जा सके। शासकीय टीकाकरण केंद्रों पर कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी के परिवार के सदस्यों एवं आश्रित सदस्यों का टीकाकरण उसी केंद्र में किया जा सकता है। सभी निर्देश शासकीय टीकाकरण सत्रों में लागू होगा।

**14 स्थानों पर टीकाकरण:** शुक्रवार को 18 से 44 वर्ष आयु समूह अंतर्गत रतलाम जिले के शासकीय कालेज आलोट, महात्मा गांधी स्कूल जावरा, लायंस क्लब हाल जावरा, मांगलिक भवन जनपद पंचायत के पास बाजना, शासकीय बालक हायर सेकंडरी स्कूल मंडी गेट के सामने सैलाना, जनपद पंचायत परिसर पिपलौदा, हायर सेकंडरी स्कूल बिलपांक में टीके लगाए जाएंगे। रतलाम शहर के सूरज हाल वेद व्यास कालोनी, गुरुनानक सिंधु भवन विरियाखेड़ी रोड, साईं मंदिर परिसर शास्त्री नगर, कम्युनिटी हाल जवाहर नगर, आइएमए हाल राजेंद्र नगर, लायंस क्लब हाल रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे, माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार पर टीकाकरण किया जाएगा। 29 मई को आयोजित होने वाले 18 से 44 वर्ष आयु समूह के रतलाम शहर व जावरा ब्लाक के लोगों के लिए आनस्पाट बुकिंग की साइट 28 मई को सुबह 10 से 10:30 के मध्य खुलेगी। रतलाम शहर और जावरा ब्लाक के 18 से 44 वर्ष आयु समूह के लोग इस दौरान अपना प्री स्लाट बुकिंग करा सकते हैं।



काश्यप सभागार के बाहर आटो में टीका लगाती हुई स्वास्थ्यकर्मी। • नईदुनिया

**45 वर्ष से अधिक वालों के लिए 41 केंद्र :** 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में जिले के पोरवाल धर्मशाला नीम चौक ताल, पंचायत भवन थंब गुराडिया, मांगलिक भवन जनपद पंचायत के पास बाजना, बालक छात्रावास क्रमांक दो रावटी, पंचायत भवन कुंदनपुर, केलकच्छ, मिडिल स्कूल सेमलखेड़ी, प्राइमरी स्कूल भेरूपाड़ा, महात्मा गांधी स्कूल जावरा, उप स्वास्थ्य केंद्र कलालिया, रोजाना, लोद, लोहारी, मांडवी, केरवासा, ढोढर, झलवा, ऊनी, सादाखेड़ी, जनपद पंचायत पिपलौदा, बालक प्राथमिक विद्यालय कालूखेड़ा, कन्या माध्यमिक विद्यालय सुखेड़ा, मांगलिक भवन जूनावास मोहल्ला सैलाना, ग्राम पंचायत सरवन, ग्राम पंचायत शिवगढ़, उप स्वास्थ्य केंद्र कुंडा, उप स्वास्थ्य केंद्र करिया, पंचायत भवन अमरगढ़, हाईस्कूल बंजोरी, मिडिल स्कूल रघुनाथगढ़, कमेड़, कुआंझागर, हतनारा, उप स्वास्थ्य केंद्र पीपल खूंटा, हायर सेकेंडरी स्कूल सेमलिया में टीके लगाए जाएंगे। रतलाम शहर में कम्युनिटी हाल अलकापुरी रतलाम, आफिसर्स क्लब डीआरएम आफिस, जैन स्कूल के काश्यप सभागृह सागोद रोड रतलाम, धोबी समाज धर्मशाला रामगढ़, लोकेंद्रनाथ भवन हरमाला रोड पर टीकाकरण किया जाएगा।

**टीकाकरण केंद्र पर की मदद :** कोरोना टीकाकरण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा काश्यप सभागृह सागोद रोड स्थित टीकाकरण केंद्र पर पहुंचे। उन्होंने टीकाकरण का जायजा लिया। कुछ लोगों को अंदर आने में परेशानी होने पर उन्हें बाहर ही टीकाकरण करवाया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, निर्मल कटारिया, अनिता कटारिया, बंटी बोहरा आदि मौजूद रहे।

### कंटेनमेंट क्षेत्र में बाहर से आए व्यक्तियों में एक पाजिटिव निकला

रतलाम। शहर के कंटेनमेंट क्षेत्रों में निवासरत सभी लोगों की सैंपलिंग की जा रही है। महेश नगर, नयागांव क्षेत्र में बनाए गए कंटेनमेंट क्षेत्र में सैंपलिंग के दौरान पता चला कि वहां निवासरत पाजिटिव महिला जिनकी मृत्यु गत दिवस हो गई थी, उनके कुछ रिश्तेदार धराड़ से वहां आए हैं। ये लोग कंटेनमेंट तोड़कर क्षेत्र में प्रवेश कर गए। बाहर से आए लोगों सैंपलिंग में एक व्यक्ति पाजिटिव पाया गया। नायब तहसीलदार नवीन गर्ग ने बताया कि कंटेनमेंट क्षेत्र तोड़कर आए इन लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। कंटेनमेंट क्षेत्र से आना-जाना प्रतिबंधित है।

**मरीजों का बढ़ा रहे हौसला**

रतलाम। कोरोना के पाजिटिव मरीजों के लिए मेडिकल कालेज में मोटीवेशन स्पीच का आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञों द्वारा मरीजों का हौसला बढ़ाने और सकारात्मक सोच निर्मित करने के उपाय बताए गए। कार्यक्रम पतंजलि योग भारती के जिला प्रभारी विशाल वर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। इसमें सुर साधक ग्रुप के संस्थापक व रेलकर्मी विजेंद्रसिंह सिसौदिया द्वारा मेडिकल कालेज में मरीजों को संबोधित कर मानसिक सुदृढ़ता के उपाय बताए गए। कार्यक्रम सुबह के सत्र में करीब दो घंटे चला। वर्मा ने कहा कि वे नियमित रूप से अलग-अलग विशेषज्ञ को बुलाकर आयोजन करते हैं। मरीजों को योग भी करवाया जाता है।



महेश नगर कंटेनमेंट क्षेत्र में जांच करते हुए स्वास्थ्यकर्मी। • नईदुनिया

## सेन समाज ने की आर्थिक मदद की मांग

रतलाम। मुख्यमंत्री के नाम सेन समाज के लोगों ने सामूहिक मांग पत्र भेजा है। इसमें जीवन निर्वाह के लिए दस-दस हजार रुपये की सहायता देने की मांग की गई है।

युवा प्रदेश सचिव जय वर्मा, सुरेश भाटी, नीलेश सोलंकी, संजय पवार, जितेंद्र वर्मा, योगेश सरवाड़, सुरेश गेहलोत, विनोद तंवर, कपिल सेन, लक्की परिहार, मनीष तंवर, मोनू राठौड़, आशीष चौहान, सचिन वर्मा, विकास पंवार, शीतल सेन ने संयुक्त रूप से मांग पत्र भेजकर मुख्यमंत्री से समस्त केशशिल्पी व्यवसायियों को दस हजार रुपये जीवन निर्वाह भत्ता भुगतान के लिए मांग पत्र दिया है। सैलून व्यवसायी गत एक वर्ष से अपने परिवार का पालन पोषण के लिए संघर्ष कर रहे हैं। संपूर्ण लाकडाउन अवधि में पूरी तरह व्यवसाय बंद रहा है। इस स्थिति में सैलून संचालकों को अपने व्यवसाय से दुकान का किराया व बिजली के लिए बिल का भुगतान भी नहीं निकल पा रहा है। कोरोना के चलते परिवारों का भरण-पोषण भी मुश्किल हो गया है। ऐसे में उन्होंने सरकार से राहत देने की मांग की है।

नईदुनिया 28/5/21

# गड़बड़झाला : जिस कंपनी को अप्रेल में ब्लैक लिस्टेड किया अब उसी ने तोड़ दी पेयजल पाइप लाइन

## 24 घंटे बाद भी हाथ पर हाथ धरे बैठे निगम के अधिकारी

एक्सपोज

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com





**रतलाम.** शहर के पॉश कॉलोनी शास्त्री नगर में बुधवार को मिनी स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत सीसी रोड बनाने के कार्य की शुरुआत जिस आर्यवृत प्रोजेक्ट एंड डेवलपर्स भोपाल की कंपनी को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया था। इसके लिए तत्कालीन कलेक्टर व प्रशासक गोपालचंद्र डाड ने ही प्रस्ताव पत्र पर मंजूरी के हस्ताक्षर किए थे। इसके बाद भी बगैर मंजूरी के शहर में पाइप लाइन को काम के दौरान तोड़ दिया गया। 24 घंटे बाद भी निगम के अधिकारी सम्बधित के खिलाफ एफआईआर नहीं करवा पाए हैं।

23 जनवरी 2019 को आर्यवृत प्रोजेक्ट एंड डेवलपर्स भोपाल की कंपनी को शहर में मिनी स्मार्ट योजना अंतर्गत तीन अलग-अलग काम सौंपे थे। इन कार्य को इस कंपनी को 18 माह याने की 22 जुलाई 2020 तक पूरा करना था। 5 अप्रेल 2020 के 10 दिन पूर्व नगर निगम की एक टीम ने तत्कालीन आयुक्त एसके सिंह के निर्देश पर शहर में कार्यों का निरीक्षण किया। तब यह पाया गया कि कुल 8.73 प्रतिशत कार्य ही हुआ है। इसके बाद काम में गति लाने के लिए सरकारी स्तर पर नोटिस जारी किए गए। ऊंकाला रोड पर 9 माह में 9 बार चक्काजाम हुआ, सीवरेज की लाइन तोड़ दी, फिर भी निगम के अधिकारियों ने कार्रवाई नहीं की।

### सांसद विधायक की भी नहीं सुनी

तत्कालीन समय में कलेक्टर ने जो रिपोर्ट भेजी, उसके अनुसार सांसद गुमानसिंह डामोर, शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने भी दिशा समिति की बैठक में मिनी स्मार्ट सिटी के काम की गति पर सवाल उठाए, ठेकेदार को बुलाया गया, लेकिन इसके बाद भी काम में गति नहीं आई।

### मात्र 8 प्रतिशत काम

इसी वर्ष 25 जनवरी को जब कार्यों का भौतिक सत्यापन किया गया तब मात्र 8.73 प्रतिशत प्रगति ही पाई गई। इसके बाद तत्कालीन कलेक्टर डाड ने नगरीय प्रशासन व विकास विभाग के आयुक्त को प्रस्ताव बनाकर भेजा। इस प्रस्ताव में उक्त कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने का प्रस्ताव था, जिसे मंजूर कर लिया गया। इसके बाद अब बड़ा सवाल यही है कि ब्लैक लिस्टेड होने के बाद भी कंपनी काम कर रही है व शहर में पेयजल की पाइप लाइन तोड़ दी गई।

### हम कार्रवाई करेंगे

आर्यवृत प्रोजेक्ट एंड डेवलपर्स भोपाल को ब्लैक लिस्टेड किया जा चुका है। इसके बाद भी इनके द्वारा शहर में काम करके पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त किया गया। इसके लिए सिटी इंजीनियर को इनके खिलाफ पुलिस में प्रकरण दर्ज करवाने को कहा गया है।

**- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 28/5/21